# आष्टा में शुरू हुई नियमित जलापूर्ति



सच संवाददाता || आष्टा

पार्वती नदी में रामपुरा डैम का पानी पहुंच गया है नगर पालिका ने आज से नियमित शहर में जल सप्लाई शुरू कर दी है। बता दे की 15 दिन पहले नगर पालिका ने रामपुरा डैम से पार्वती नदी में पानी छुड़वाया था लेकिन रास्ते में ही मोटरो से पानी खींचा जा रहा था साथ ही कन्नौद बाईपास के नवनिर्मित पल के पास मिट्टी डालकर पानी रोक दिया गया था जिसे नगर पालिका की टीम ने मिट्टी हटाई थी तब जाकर अब मंगलवार सुबह रामपुरा डैम का पानी शहर में पार्वती नदी में पहुंच सका। आज सुबह 5 बजे करीब शंकर मंदिर पार्वती पुल के पास डैम का पानी पहुंचा और नगर पालिका ने सुबह से ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल प्रदाय शुरू कर दिया।

**आष्टा क्षेत्र की जनता की चिट्ठी पर बन गया था रामपुरा डैम :** कुछ लोगों को ही याद है कि जब तत्कालीन भोपाल क्षेत्र के सांसद सुशील चंद्र वर्मा क्षेत्र के सांसद थे तो क्षेत्र में जल संकट रहता था उस समय क्षेत्र की जनता डाक पोस्ट से सांसद को चिट्ठियां लिखती थी कि क्षेत्र में जल संकट है इसी को देखते हुए तत्कालीन सांसद सुशील चंद वर्मा ने रामपुरा डैम का निर्माण कराया था और आज उसी का पानी आष्टा क्षेत्र में गर्मी के दिनों में प्रदाय किया जाता है साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए नेहरू के माध्यम से सिंचाई विभाग रामपुरा डैम का पानी छोड़ती है।

**अब नियमित मिलेगा शहर वासियों को पानी :** नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया है कि रामपुर डैम का पानी शहर की पार्वती नदी में पहुंच गया है और अब सुबह से ही 18 वार्डों में शेड्यूल अनुसार जल प्रदान किया जा रहा है। विदित है कि नगर में काफी समय से जलसमस्या बनी हुई थी। गर्मियां शुरू होने को है और पानी नहीं पहुंचने के कारण नगर के लोगों को आने वाले जलसंकट को लेकर चिंता थी लेकिन अब जबकि डेम का पानी नदी में पहुंच गया और जलापूर्ति शुरू हो गई है तो लोगों ने राहत की सांस ली है। विदित है कि नगर पालिका इसके लिए काफी समय से प्रयास कर रही थी, तकनीकी कारणों के चलते थोड़ा विलंब जरुर हुआ लेकिन अब नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी गई है।



## नव साक्षरों ने दी परीक्षा

**बैतूल। उल्लास नवभारत संगीत कार्यक्रम के तहत निर्मित माध्यमिक शाला सोना घाटी में समग्र संख्या परीक्षण का आयोजन किया गया। पोर्टफोलियो अधिकारी श्रीमती शक्ति सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को शिक्षा की नींव से जोड़ना है, जो किसी भी कारण से प्रचलित शिक्षा से शुरू हो रहे थे। ऐसे 56 नवसाक्षर बड़े उत्साह और उत्साह के साथ परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें पारधी समुदाय के लोग भी शामिल हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुई। निरीक्षण दल में शिक्षक नेमीचंद इंटरनेशनल, श्री महाले, सह समन्वयक नील राजेश शर्मा शामिल थे। इन्वेस्टीगेशन अधिकारी अस्सिडी सक्से ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर एसोसिएट्स ने नव साक्षरों को तिलक लगाए, पुष्पगुच्छ और मैंगलेज परिधानों को नियुक्त किया है। क्रेट ने कहा कि यह उनके लिए एक नया और सकारात्मक अनुभव था। उन्होंने यह भी कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और जब भी अवसर मिले, सीखने के लिए तैयारी करनी चाहिए।**

## सच संक्षेप

### जनसुनवाई

**हरपालपुर।** छतरपुर कलेक्टर की जनसुनवाई में एक मामला सामने आया है जहां एक मजदूर अपनी मजदूरी लेने के लिये जिला प्रशासन से गुहार लगाने पहुंचा है। थाना हरपालपुर क्षेत्र के अंतर्गत बाईपास निर्माण कार्य चल रहा है जिसमे जेसीबी ऑपरेटर के पद पर काम करने वाले पीड़ित मजदूर रामबाबू रैकवार निवासी हरपालपुर में जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया है कि नगर में चल रहे बाईपास निर्माण कार्य में काम रही कंपनी सनल इंफ्रा कंपनी के ठेकेदारों द्वारा तीन माह की मजदूरी नही दी गई। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना हरपालपुर पुलिस से ठेकेदार पीके गुप्ता, श्रीवास्तव की शिकायत की थी। टीआई पुष्पक शर्मा ने ठेकेदार को तत्काल बुलाकर मजदूरी देने के लिये कहा था इससे भड़के ठेकेदार अब शिकायती पत्र वापस लेने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे है जिससे मेरा परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है पीड़ित ने ठेकेदारों से अपने परिवार और खुद को जान का खतरा बताया है।

### तीर्थ यात्रियों का स्वागत



**शाजापुर।** गुजरात के गड्ढा से श्री गोपीनाथजी मंडल गढडा और शास्त्री घनश्यामवल्लभ दासजी निगरानी में 300 भक्तों का जत्था जिला मुख्यालय स्थित बापू की कुटिया पहुंचा जहां नगरवासियों ने उनकी आगवानी की। इसके बाद भक्तों का जत्था अयोध्या जी के लिए रवाना हुआ। यात्रा की शुरूआत गुजरात से हुई जिसका समापन 15 मार्च को स्वामीनारायण जी की जन्मस्थली पर होगा। भक्तों के इस जत्थे में महिला-पुरूष, सन्यासी सहित 300 लोग शामिल हैं, जो मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित बापू की कुटिया पर पहुंचे, जिनका नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

### कलेक्टर ने किया सम्मान



**शाजापुर।** 38वीं नेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्रप्त करने वाले खिलाड़ियों का कलेक्टर ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत ने खिलाड़ियों का सम्मान कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया, जितेन्द्र शर्मा, लोकेश नायक, गौरव वर्मा आदि उपस्थित थे। खेल और युवा कल्याण विभाग शाजापुर के मलखंब प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों द्वारा 10 से 13 फरवरी तक खटीमा उत्तराखंड में आयोजित हुई 38वीं नेशनल प्रतियोगिता में कु. अनुष्का नायक द्वारा ऑल राउण्ड व्यक्तिगत श्रेणी में सिल्वर मेडल तथा पोल मलखंब एप्रेट्स चौम्पियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया।

### मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** आम आदमी पार्टी जिला बैतूल ने भाजपा सरकार के संकल्प पत्र 2023 के तहत किसानों को खेत और धान के समर्थन मूल्य की मांग को लेकर निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार वैकर के नेतृत्व में पार्टी अंबानी और वकील ने कृषि मंत्री के माध्यम से नामांकन भेजा। इस दौरान रोहित पाल, गोपाल झरबड़े, शमीम अहमद फारूकी, एलिवल सोनारे, राहुल सोनी, मृग घुरे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रत्यक्षीकरण में कहा गया है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले मोदी की साख, भाजपा के विश्वास के तहत किसानों से खेत और धान के समर्थन मूल्य के साथ समर्थन मूल्य का वादा किया था। पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद दाम का समर्थन मूल्य और वजन 2700 रुपये और धान का 3100 रुपये प्रति लीटर भुगतान किया जाएगा।

### गायत्री महायज्ञ कल से

**बैतूल।** अखिल विश्वगायत्री परिवार के प्रवक्ता सानिध्य पारखे ने बताया कि गायत्री महायज्ञ का आयोजन 20 से 23 फरवरी तक काली मंदिर मठ मठ बटकीदोह में होगा। आयोजन समिति के महादेव मंडल, एम.एल. गाठिया, चंद्रमूल रजने, डॉ. मनोज पाटणकर और सुनील शर्मा ने सभी आश्रमों से लेकर महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

## प्राकृतिक नाले को बताया दिया तालाब

सच संवाददाता || सोहागपुर

निभौरा गांव में कागजों में बना डाले गए खेत तालाब मामले में अनेकों रहस्योद्घाटन होने लगे हैं। सच एक्सप्रेस में 17 एवं 18 फरवरी के अंक में प्रकाशित खबरों के बाद मनरेगा एई और सब इंजीनियर ने मौका मुआयना कर यह जानने पहुंचे कि खेत तालाब बना है या नहीं। संबंधित खसरे में उन्हें तालाब जैसी कोई आकृति तो नहीं मिली। अलबत्ता इस खसरे से दूर एक प्राकृतिक नाले में मशीनों से किया गया एक गड्ढा जीआरएस ने दोनों ही अधिकारियों को दिखाया। नाले में यह गड्ढा मशीनों से खोदा गया बताया गया है और तालाब के नाम के नाम पर मजदूरी व्यय एक लाख से अधिक निकाला जा चुका है। वहीं हितग्राही का खेत मात्र ढाई एकड़ का है और उसमें सिंचाई के लिए पहले से ही नलकूप है ऐसे में वह खेत में तालाब क्यों बनवायेगा और शासन की योजना से इस स्थिति में तालाब बनाया जा सकता है या नहीं इसका जबाब भी अधिकारियों के पास नहीं है।

मौके पर पहुंची एई सुनीता वर्मा को हितग्राही सुनील ने बताया कि उसका पारिवारिक रकबा छोटा सा है ऐसे में खेत खराब करने के लिए मैं तालाब क्यों बनवाऊंगा मैंने तालाब बनवाने के लिए कोई आवेदन नहीं दिया। वहीं जीआरएस राकेश नायक ने इस निभौरा गांव के रकबे से दूर सिंगवाड़ा गांव के प्राकृतिक नाले में बने गड्ढे को सुनील का तालाब बताया जिसे मशीनों बनाया जाना भी बताया। इसके जवाब में सुनील ने कहा कि मढ़ई रोड के निर्माण के समय ठेकेदार ने इस नाले से मिट्टी खुदाई की थी। जीआरएस सुनील नायक ने खेत तालाब के लिए बीस हजार की राशि हितग्राही और उसके परिवार के खातों में डाली जाना बताया तो पैसे तत्काल निकलवाकर जीआरएस को वापस देने की बात हितग्राही ने बताई। एई सुनीता वर्मा ने कहा कि वे मौके पर गयी थीं खेत में उन्हें कोई तालाब बना नहीं दिखा लेकिन नाले में गड्ढा बना हुआ है जिससे हितग्राही ने सिंचाई की है।

## विद्यासागर लाइब्रेरी का शुभारंभ

**शिवपुरी।** जिले के कोलारस नगर में शिवहरे बिल्डिंग जगतपुर चौराहा जीओ ऑफिस के पास विद्यासागर लाइब्रेरी का वरिष्ठ समाजसेवी यशपाल सिंह रावत द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान श्री रावत ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई लिखाई के लिए एकाग्रता बहुत जरूरी है जों शांत वातावरण हों जिसमें वह अध्ययन कर सकें और लाइब्रेरी यह माध्यम बना है। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी यशपाल सिंह रावत, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह इकलौदिया सहित शुभारंभ में आए अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विद्यासागर लाइब्रेरी के संचालक सुखदेव सूर्यवंशी ने बताया कि छात्र छात्राओं के लिए हमारी लाइब्रेरी में निःशुल्क इंटरनेट, एसी वातानुकूलित, पीने के लिए आरओ वाटर, सीसीटीवी निगरानी, 24 घंटे ओपन, बुक्स सुविधा उपलब्ध के साथ-साथ गाड़ी पार्किंग जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है ताकि सभी छात्रों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं उपलब्ध हों और वह स्वच्छ और शांत वातावरण में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा अपने विषयों की तैयारी कर सकें।

## तीसरी आंख की निगरानी में रहेंगे ग्रामीण

**शाजापुर।** जिले की ग्राम पंचायत दुधाना अब तीसरी आंख की नजर में रहेगी। यहां संवेदनशील स्थानों पर नजर रखी जा सकेगी। साथ ही अपराधों पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। मंगलवार को एसपी यशपालसिंह राजपूत ने इसकी शुरूआत की।

अपराधों की रोकथाम और पतारसी के लिए वर्तमान में सीसीटीवी कैमरों की निर्णायक भूमिका है। इसी उद्देश्य से शाजापुर पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिलेभर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दिशा में थाना मोहन बड़ोदिया के ग्राम दुधाना पंचायत में सरपंच राकेश जायसवाल ने पूरे दुधाना कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की पहल की है। इस पहल के तहत कस्बे में कुल 34 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसकी शुरुआत कल एसपी श्री राजपूत द्वारा की गई।

सीसीटीवी कैमरा के द्वारा मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों की निगरानी प्रभावी रूप से की जा सकेगी। इसके अलावा पूरे कस्बे में वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे तकनीकी रूप से उन्नत सुरक्षा प्रणाली को और अधिक कारगर बनाया जा सकेगा। इन सीसीटीवी कैमरों की सहायता से अपराधों की रोकथाम और घटनाओं की निगरानी करना संभव होगा। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी, जिससे अपराधियों पर लगाम कसने में मदद मिलेगी। साथ ही निर्दोष व्यक्तियों को गलत आरोपों से बचाने में भी ये कैमरे एक महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में कार्य करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की आधुनिक निगरानी प्रणाली एक मील का पत्थर साबित होगी।

## किसान नेता ठाकुरदास यादव की पुण्यतिथि पर आयोजन 21 को



**टीकमगढ़।** प्रदेश के वरिष्ठ किसान एवं सहकारिता नेता स्व. ठाकुरदास यादव की 25वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 21 फरवरी को किया जाएगा। जतारा तहसील स्थित स्व. यादव के पैतृक ग्राम बैरवार में उनकी समाधि पर सामाजिक बंधुओं के साथ ही समर्थक, शुभचिंतक तथा अन्य नागरिक उपस्थित होकर अपने प्रिय नेता को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करेंगे।

स्व. ठाकुरदास जी अपने दौर के कद्दावर किसान और सहकारिता नेता रहे हैं। उनका जीवन किसान हित संरक्षण के लिए समर्पित रहा। किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए उन्हें काफी संघर्ष किया,जबकि जनसमस्याओं के निराकरण के साथ ही सामाजिक सरोकारों के विस्तार में भी उनका अभूतपूर्व योगदान रहा है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को पुरानी पीढ़ी के लोग आज भी शिद्दत से याद करते है। वंचित और शोषित वर्ग के हित संरक्षण की विरासत को उनके पुत्र और परिजन आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

## राशन के लिए भटक रहे हितग्राही





सच संवाददाता || सोहागपुर

विकासखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है और बेहद ही शर्मनाक दौर से गुजर रही है। निर्धन तबके में राशन वितरण नहीं किया जा रहा है तो पीडीएस के मुख्य कर्ताधर्ता कनिष्ठ खाद्य निरीक्षक के कार्यालय का भी आए दिन ही बंद रहना विकासखंड में पीडीएस की हकीकत बयां करता है। करनपुर और आमदेही गांव के लोग पंद्रह दिनों से राशन दुकान बंद रहने की शिकायत लेकर खाद्य निरीक्षक कार्यालय पहुंचे तो वहां ताला जड़ा हुआ मिला, मजबूरन गांववासियों ने एसडीएम को आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। एसडीएम असवन राम चिरामन को सरपंच आजाद सिंह पटेल की अगुवाई में आवेदन दिया गया। आवेदक ग्रामीणों ने लेख किया है कि उनके गांवों की राशन दुकान सोहागपुर नगर में स्थित है। दोनों गांवों के लोग बीते पंद्रह दिनों से राशन लेने हेतु सोहागपुर आ रहे हैं लेकिन राशन दुकान बंद ही मिल रही है। सरपंच आजाद सिंह पटेल ने एसडीएम से आग्रह किया कि हमारी पंचायत की राशन दुकान नगर में स्थित है इसलिए करनपुर के लोगों को तीन किलोमीटर और आमदेही के लोगों को सात किलोमीटर से अधिक दूरी तय करके आना पड़ता है इसे पंचायत मुख्यालय से संचालित किया जाए। इसके जवाब में एसडीएम ने बताया कि वे सरपंच के बार बार मिले आवेदनों को आधार बनाते हुए आदेश कर चुके हैं। राशन शीघ्र दिलवाने का आग्रह गांव वासियों ने दोबारा किया तो एसडीएम ने जेएसओ को बुलाने के लिए एक बाबू से कहा तो उस बाबू ने बताया कि आज फुड इंस्पेक्टर नहीं आए हैं उनके कार्यालय में ताला लगा हुआ है। इस पर ग्रामीणों ने बताया कि हम समस्या लेकर उनसे मिलने आए थे लेकिन उनका कार्यालय बंद है।

## पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियोगिता में आईटीबीपी का रहा दबदबा

**शिवपुरी।** 68वीं अखिल भारतीय पुलिस डयूटी मीट प्रतियोगिता झारखंड में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में देश के 18 राज्यों व 9 केन्द्रीय एजेन्सियों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिये भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल से कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु टीम का चयन कर उन्हे अभ्यास करवाये जाने की जिम्मेदारी संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, शिवपुरी को दी गई थी। संस्थान द्वारा चयनित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की टीम ने टीम मैनेजर के.सोलयराज, उप सेनानी/दूरसंचार, टीम कोच उनि/दूरसंचार कौशल कुमार एवं सउिन/दूरसंचार अमित नामदेव के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में भाग लिया एवं प्रथम इवेन्ट कम्प्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता मे हैका/दूरसंचार पीयूष कान्त मिश्रा ने गोल्ड मेडल, द्वितीय इवेन्ट आफिस ऑटोमेशन में हंसराज ने सिल्वर मेडल जीता।

## निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाई जाए

सच संवाददाता || शिवपुरी

दिल्ली में क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया से शिवपुरी जनपद पंचायत अध्यक्ष पति रघुवीर सिंह रावत ने मुलाकात कर जनपद पंचायत क्षेत्रान्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की समस्याओं से अवगत कराया। बताना होगा कि जनपद अध्यक्ष हेमलता-रघुवीर सिंह रावत से सरपंचों द्वारा पंचायतो में निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने की मांग काफी दिनों से की जा रही थी।

जनकारी के अनुसार क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली में शिवपुरी जनपद पंचायत के अध्यक्ष पति रघुवीर सिंह रावत ने मुलाकात करते हुए शिवपुरी जनपद के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की समस्याओं से अवगत कराया, उन्होंने कहा कि सरपचों द्वारा मुझे ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि ग्राम पंचायतों में विगत समय से मनरेगा योजनान्तर्गत खेत सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, रपटा निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण एवं सी.सी. निर्माण कार्यों पर शासन स्तर से वर्तमान में रोक लगाई हुई है जिसके पुनः चालू कराने के लिए केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से विनम्र आग्रह है कि जनपद पंचायत शिवपुरी अन्तर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में पुनः सभी निर्माण कार्य चालू कराने की कृपा करें, जिससे ग्रामवासिओं को विकास कार्यों का लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही साथ श्रमिकों को रोजगार श्रजन के अवसर भी प्राप्त हों सके जनपद पंचायत शिवपुरी के समस्त सरपंच एवं ग्रामीणजन आपके सदा आभारी रहेंगे।

जनपद पंचायत के अध्यक्ष पति रघुवीर सिंह रावत ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने हमारी जनपद की पंचायतों के अंतर्गत आने वाली समस्याओं बारीकी से सुना और मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि श्रीमंत इन कार्यों को जल्द से जल्द प्रारम्भ कराने की कृपा करेंगे।

## शिवरात्रि पर आयोजित होगा भंडारा लगेगा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**बैतूल।** शिवम सेवा समिति की ओर से पिछले 15 दिनों से विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए नामांकन पूर्ण हो चुका है। इस संबंध में आयोजन समिति के राकेश रक्कू शर्मा ने बताया कि 22 फरवरी को कैंसर जागरूकता अभियान, प्लास्टिक उपयोग मुक्त जिला अभियान रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्लास्टिक के प्लास्टिक, प्लास्टिक, कटोरी के सामान से समिति और शहर के नागरिक नागरिक गुलाब के फूल शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि 2018 में समिति द्वारा बैतूल में पेपर के चाय के कप का अभियान चलाया गया था जो आज तक निश्चिंत होकर चल रहे हैं। 25 फरवरी को तीन दिव्य विशाल महा भंडारे का शुभारंभ, भंडारा स्थल पर महा भंडारे शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। इस भंडारे के कार्यक्रम भोपाली छोटे महादेव आने-जाने वाले के लिए यहां क्लिक करें। 27 फरवरी को एक शाम खाटू श्याम बाबा के नाम की जाएगी, जिसमें नागपुर के प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष शर्मा अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। समिति ने सभी से उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया।

## सफाईकर्मियों ने किया काम बंद

**शाजापुर।** नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने नपा परिसर में हंगामा किया। उनका कहना था कि उन्हें हर माह 1 से 5 तारीख के बीच वेतन मिल जाना चाहिए, लेकिन 15 तारीख के बाद वेतन मिल पा रहा है, जिससे वे समय पर न तो बैंक की किश्तें जमा कर पा रहे हैं और न ही बच्चों की स्कूल की फीस जमा कर पा रहे हैं। कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय में जाकर नारेबाजी की। नगर पालिका में कुल 200 सफाई कर्मी हैं। इनमें 58 स्थायी और अन्य अस्थायी कर्मचारी हैं। उनकी मांग है कि हर महीने 1 से 5 तारीख के बीच वेतन मिलना चाहिए, लेकिन नगर पालिका हर महीने 15 तारीख के बाद ही वेतन दे पा रही है। इस महीने 18 तारीख तक वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी नाराज हैं।

## विद्यार्थी होंगे सम्मानित

**शिवपुरी/बदरवास।** राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड सम्मान समारोह 21 मार्च को भोपाल में आयोजित होगा। पूरे जिले से 7 बच्चों का चयन राज्य स्तरीय सम्मान के लिए हुआ है जिसमें बदरवास विकासखंड के 4 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तरीय ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह भोपाल में आयोजित होगा। सम्मान समारोह में प्रतिभागियों के साथ-साथ मार्गदर्शक एवं अभिभावक उपस्थित रहेंगे। इस आशय के निर्देश संचालक राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी कर दिए गए। शिक्षा तथा अन्य गतिविधियों को लेकर बदरवास विकासखंड नए आयाम हासिल कर रहा है। इसी श्रृंखला में 32 छात्रों का चयन जिला स्तर पर सम्मानित होने के लिए किया गया है जिसमें बदरवास विकासखंड से 12 बच्चे चयनित हुए। जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा 21 एवं 22 जनवरी को आयोजित की गई थी।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

जोन क्र. 09 वार्ड क्र. 69

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जोन कार्यालय क्र. 09 नगर निगम, भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर नियमानुसार शुल्क जमा कराए जाने के पश्चात उनके नाम संपत्तिकर अभिलेखों में परिवर्तित किए जाना है। यदि किसी को भी इन लीज नामान्तरण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्र. 09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी।

| क्र. | वार्ड क्र. | आवेदक का नाम | पूर्व स्वामी का नाम | भूखण्ड का पता | खाता नं./ संपत्तिकर आई.डी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 69 | 1. श्रीमती कला देवी पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र सिंह यादव<br>2. मुकेश यादव पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह यादव<br>3. श्री जितेन्द्र यादव स्व. श्री राजेन्द्र सिंह यादव<br>4. श्रीमती शीला यादव पत्नी स्व. श्री राजेश यादव | श्री नर्बदा प्रसाद चौकसे पुत्र श्री गोपीलाल चौकसे | 211 अशोक विहार कॉलोनी, अशोका गार्डन, भोपाल | |

सू.क्र. 1327/024/025

जोनल अधिकारी
जोन क्र. 09
नगर निगम, भोपाल

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, नर्मदापुरम्

दूरभाष क्रमांक 07574-253838
Email Add- cmohoshangabad@mpurban.gov.in

सार्वजनिक जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदनकर्ता श्री संतोष पाल आत्मज श्री मिश्री लाल पाल निवासी नारायण नगर नर्मदापुरम् ने श्री बिहारी लाल मूलचंदानी आत्मज श्री चेलाराम मूलचंदानी निवासी सिंधी कालोनी से रजिस्टर्ड विक्रय के आधार पर मौजा नालागेन 05 प्लाट नं. 28/2 शीट नं. 26 रकबा 260 वर्गफीट दुकान विक्रय किया गया है। जिसका नामांतरण नजूल अधिकारी/ तहसीलदार नर्मदापुरम् द्वारा किया गया है, आवेदनकर्ता द्वारा नजूल अधिकारी/ तहसीलदार नर्मदापुरम् द्वारा किए गए नामांतरण के आधार पर नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् में नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ बैंक वित्तीय संस्था/ उत्तराधिकारी/ शासकीय या अशासकीय संस्था को दावा याा आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से मय दस्तावेज सहित नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। 15 दिवस के पश्चात् किया गया किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा एवं संबंधित आवेदन पर नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

भवदीय
श्री संतोष पाल
आत्मज श्री मिश्री लाल पाल
निवासी- नारायण नगर रसूलिया, नर्मदापुरम्
मोबाइल नं. - 6287521115

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, नर्मदापुरम्

दूरभाष क्रमांक 07574-253838
Email Add- cmohoshangabad@mpurban.gov.in

सार्वजनिक जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदनकर्ता श्रीमती श्वेता पटवा पत्नी श्री कपिल पटवा निवासी अमर चौक नर्मदापुरम् ने श्री मो. अय्यूब/स्व. हाजी मोहम्मद हनीफ से रजिस्टर्ड विक्रय के आधार पर मौजा बालागंज 05 प्लाट नं. 19/1 शीट नं. 26 रकबा 579 वर्गफीट भवन विक्रय किया गया है। जिसका नामांतरण नजूल अधिकारी/ तहसीलदार नर्मदापुरम् द्वारा किया गया है, आवेदनकर्ता द्वारा नजूल अधिकारी/ तहसीलदार नर्मदापुरम् द्वारा किए गए नामांतरण के आधार पर नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् में नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ बैंक वित्तीय संस्था/ उत्तराधिकारी/ शासकीय या अशासकीय संस्था को दावा याा आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से मय दस्तावेज सहित नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। 15 दिवस के पश्चात् किया गया किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा एवं संबंधित आवेदन पर नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

भवदीय
श्रीमती श्वेता पटवा
पत्नी श्री कपिल पटवा
निवासी- नर्मदापुरम्
मोबाइल नं. - 9827385010

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, नर्मदापुरम्

दूरभाष क्रमांक 07574-253838
Email Add- cmohoshangabad@mpurban.gov.in

सार्वजनिक जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदनकर्ता श्रीमती मालती जायसवाल पत्नी स्व. श्री विजय शंकर जायसवाल निवासी नर्मदापुरम् रसूलिया ने स्व. श्री विजय शंकर जायसवाल आत्मज स्व. श्री श्यामलाल जायसवाल निवासी नर्मदापुरम रसूलिया से रजिस्टर्ड विक्रय के आधार पर मौजा रसूलिया खसरा नं. 54 प्लाट नं. 04 रकबा 1500 वर्गफीट भवन विक्रय किया गया है। जिसका नामांतरण नजूल अधिकारी/ तहसीलदार नर्मदापुरम् द्वारा किया गया है, आवेदनकर्ता द्वारा नजूल अधिकारी/ तहसीलदार नर्मदापुरम् द्वारा किए गए नामांतरण के आधार पर नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् में नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ बैंक वित्तीय संस्था/ उत्तराधिकारी/ शासकीय या अशासकीय संस्था को दावा याा आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से मय दस्तावेज सहित नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम् में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। 15 दिवस के पश्चात् किया गया किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा एवं संबंधित आवेदन पर नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

भवदीय
श्रीमती मालती जायसवाल
पत्नी स्व. श्री विजय शंकर जायसवाल
निवासी- वार्ड क्र. 22, राजीव नगर रसूलिया
मोबाइल नं. - 9406544479